हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 134 हल्द्वानी (नैनीताल) शनिवार 28 मार्च 2026 मूल्य रू 2 पृष्ठ : 8

## मेयर दीपक बाली ने किया चौती मेले मे इलैक्ट्रो होम्योपैथिक नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का शुभारंभ

**श्रृद्वालुओ की सेवा भी एक तरह की ईश्वर की सेवा-मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री**

**चौती मेला व मेडिकल कैम्प कौमी एकता की मिसाल-पंडा मनोज अग्निहोत्री**

काशीपुर (संवाददाता)। चौती मेले मे इलैक्ट्रो होम्योपैथी के 41 वे नि:शुल्क डे व नाईट चिकित्सा कैम्प का शुभारंभ मेयर दीपक बाली के द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। 24 मार्च से 11 अप्रैल तक के लिये इलैक्ट्रो होम्योपैथिक रिसर्च डवलमेंट आर्गेनाइजेशन, उत्तराखंड (रजि.) के द्वारा चौती मेला मे प्याऊ मे लगाये गये डे व नाईट कैम्प के शुभारंभ श्री बाली के द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया व उनके द्वारा इस कैम्प को मानवता व माता रानी के भक्तो की सेवा के लिये एक सराहनीय कार्य बताया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि मुख्य पंडा विकास कुमार अग्निहोत्री ने मेले इस कैम्प को शुरू करने के लिये स्व. डॉ. जेपी वशिष्ठ के योगदान का सराहते हुये कैम्प मे आने वाले श्रृद्वालुओ की सेवा को ईश्वर की सेवा बताते हुये आयोजको को आभार व्यक्त किया। विशिष्ठ अतिथि पंडा मनोज कुमार अग्निहोत्री ने अपने सम्बोधन मे इआरडीओ व रेडक्रॉस के द्वारा चौती मेले मे लगाये जाने वाले फ्री मेडिकल कैम्प मे हिंदु व मुस्लिम चिकित्सको के द्वारा माता के भक्तो की सेवा करने की सराहना करते हुये कहा कि चौती मेले मे सभी धर्मो व वर्गो के श्रद्वालु व नकाशप बाजार व अन्य दुकानदार आते है जिस वजह से यह ऐतिहासिक मेला कौमी एकता की मिसाल माना जाता है व अपनी अलग ही पहचान रखता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर श्री बाली व विशिष्ठ अतिथि पंडा बधुंओ का माल्यापर्ण करके व उन्हे अंगवस्त्र भेंटकर उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ठ कार्यो हेतू उन्हे सम्मानित किया गया। इस मोके पर कार्यक्रम इआरडीओ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुरेश राजपूत की अध्यक्षता व प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. जफर सैफी के संचालन मे समपन्न हुये कार्यक्रम मे कैम्प व्यवस्थापक डॉ. ज्ञान सिंह सैनी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. आरके विश्नोइ, डॉ. जैड रहमान, जिलाध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह सैनी, डॉ. बुरहान, डॉ. सुदंर सिंह, डॉ. सतीश अरोरा, डॉ. चन्द्रपाल सिंह चौहान, रेखा देवी, कु. इंदु सैनी आदि मौजूद रहे।



## काठगोदाम पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति पर 10,000 का जुर्माना लगाया

हल्द्वानी (संवाददाता)। /आपातकालीन सेवा डायल 112 का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ काठगोदाम पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति पर 10,000 का जुर्माना लगाया है। आरोपी ने कार चोरी की झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह किया था।क्या है मामला?देवलातल्ला (गोलापार) निवासी त्रिवेणी चंद्र पाठक ने 26 मार्च को डायल 112 पर सूचना दी कि उनकी कार 'मधुबन बैंक्वेट हॉल' के पास से चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और सिटी पेट्रोल व चीता मोबाइल टीम को मौके पर भेजकर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।जांच में निकली सच्चाईपुलिस की जांच में कार पास ही एक एकांत स्थान से बरामद हो गई। पूछताछ में सामने आया कि वाहन स्वामी खुद ही गाड़ी खड़ी करने की जगह भूल गया था और बिना पुष्टि किए चोरी की झूठी सूचना दे दी।पुलिस की कार्रवाईझूठी सूचना देकर सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने पर पुलिस ने पुलिस एक्ट की धारा 83 के तहत 10,000 का चालान किया। साथ ही संबंधित व्यक्ति से लिखित माफीनामा भी लिया गया।




## काठगोदाम क्षेत्र में शराब के नशे में उत्पात मचाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार

हल्द्वानी (संवाददाता)। नैनीताल जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए काठगोदाम क्षेत्र में शराब के नशे में उत्पात मचाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त वाहन को भी पुलिस ने सीज कर दिया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी. सी. के निर्देशन में जनपदभर में अराजक तत्वों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है।क्या है मामला!25 मार्च की शाम करीब 7 बजे नरीमन तिराहे के पास कुछ युवक शराब के नशे में एक वाहन चालक से उलझ गए। आरोप है कि युवकों ने चालक के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।सूचना पर पहुंची काठगोदाम पुलिस ने मौके का जायजा लिया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया।गिरफ्तार आरोपी!पुलिस ने इस मामले में भाष्कर सिंह बिष्ट (23) निवासी पदमपुरी, मुक्तेश्वर और हिमांशु कुमार (25) निवासी नवाबी रोड, हल्द्वानी को गिरफ्तार किया है।पुलिस कार्रवाई!उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, प्रभारी चौकी मल्ला काठगोदाम के नेतृत्व में टीम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 172(2) ठछै के तहत कार्रवाई की। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया गया है।सख्त चेतावनी!नैनीताल पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग, मारपीट या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। ऐसे मामलों में जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान लागू किया जाएगा।



# पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया

नैनीताल (संवाददाता)। जनपद नैनीताल में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण को पारदर्शी, सटीक और सहभागितापूर्ण बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और उनके अधिकृत बूथ लेवल एजेंट शामिल हुए। प्रशासन ने साफ संकेत दिए कि इस बार पुनरीक्षण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अप्रैल में हो सकती है की औपचारिक घोषणा बैठक में जानकारी दी गई कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अप्रैल के पहले सप्ताह मेंैप् कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा संभावित है। इसी को देखते हुए जनपद स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया को लेकर नियमित समीक्षा बैठकें आगे भी जारी रहेंगी।डीएम ने सभी राजनीतिक दलों से स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के हर मतदान केंद्र पर 100% बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।उन्होंने जोर देकर कहा कि ठस। और ठस्व के बीच बेहतर समन्वय ही इस पूरी प्रक्रिया की सफलता की कुंजी होगा।ठस। नियुक्ति में भाजपा आगे, कांग्रेस भी सक्रियजनपद की 6 विधानसभा सीटों के 1010 मतदान केंद्रों के सापेक्ष अन्य दलों को भी जल्द से जल्द इस दिशा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।डिजिटल टेक्नोलॉजी से हो रहा मतदाता सत्यापनपुनरीक्षण के तहत वर्ष 2003 की मतदाता सूची को वर्तमान सूची से ऐप के माध्यम से मिलाया जा रहा है।कुल मतदाता 7,87,991सत्यापित/मैपिंग पूर्ण 6,94,532 (88.14%)यह आँकड़ा दर्शाता है कि प्रशासन इस कार्य को तेजी और गंभीरता से अंजाम दे रहा है।इसके अतिरिक्त मतदाताओं की पहचान एवं पंजीकरण हेतु अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर संपर्क स्थापित कर जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है।भारत निर्वाचन आयोग की डिजिटल पहल ंबसस ूपजी के संबंध में भी जानकारी साझा की गई, जिसके माध्यम से मतदाता सीधे अपने बीएलओ से संपर्क स्थापित कर नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा अन्य निर्वाचन संबंधी सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं ।



हिन्दी दैनिक जोखिम

# सम्पादकीय

## लोकतांत्रिक भविष्य से खिलवाड़

मुश्किलें इसलिए पैदा हुई हैं, क्योंकि सत्ता पक्ष ने पद, प्रक्रिया और परिणाम की गरिमा की चिंता छोड़ दी है। व्यापक रूप से संवैधानिक व्यवस्था की साख के साथ क्या हो रहा है, इसकी फिक्र करने की जरूरत वह नहीं समझता।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान विपक्ष ने संसदीय कार्यवाही के संचालन में अपने प्रति भेदभाव के साथ-साथ सत्ता पक्ष से स्पीकर की मिलीभगत का आरोप खुल कर लगाया। जैसा अनुमान था, अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से नामंजूर कर दिया गया। मगर जिस रोज ये हुआ, उसी दिन विपक्ष के 180 सांसदों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पेश होने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर दस्तखत कर दिए। अब इस प्रस्ताव को दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। विचार के लिए प्रस्ताव के स्वीकार होने की प्रक्रिया लंबी है, इसलिए इस पर बहस के लिए (अगर वो हुई तो) अभी इंतजार करना पड़ेगा।वैसे, चर्चा हुई भी, तो यह अनुमान पहले से लगाया जा सकता है कि इसका हश्र स्पीकर के खिलाफ पेश प्रस्ताव से अलग नहीं होगा। कारण संसदीय गणित है। आज के माहौल में इसकी उम्मीद तो नहीं की जा सकती कि सत्ता पक्ष चुनाव प्रक्रिया की स्वच्छता एवं निष्पक्षता की व्यापक अपेक्षाओं को अपने दलगत हित पर तरजीह देकर समझने का प्रयास करेगा कि विपक्ष आखिर संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति से इतना खफा क्यों है? और यही समस्या की जड़ है। मुश्किलें इसलिए पैदा हुई हैं क्योंकि सत्ता पक्ष ने पद, प्रक्रिया और परिणाम की गरिमा की चिंता छोड़ दी है। उसे मतदाताओं की गोलबंदी की अपनी क्षमता पर इतना भरोसा है कि व्यापक रूप से संवैधानिक व्यवस्था की साख के साथ क्या हो रहा है, इसकी फिक्र करने की जरूरत वह नहीं समझता।नतीजा, अब तक राजनीतिक विवाद से परे माने जाने जानी संवैधानिक संस्थाएं और उनमें पदासीन प्राधिकारी अब रोजमर्रा की सियासत का मुद्दा बन गए हैं। उनको लेकर जनमत बंटता चला गया है। लोकतंत्र के दीर्घकालिक भविष्य के लिए इससे ज्यादा चिंताजनक बात कोई और नहीं हो सकती। अगर राजनीतिक समूह और जनमत के एक बड़े दायरे का मुख्य निर्वाचन आयुक्त एंव स्पीकर पर यकीन नहीं है, तो उससे चुनाव एवं संसदीय प्रक्रियाएं लांछित हो जाती हैं।

# नीतीश को हटाने का प्रयोग सफलतापूर्वक

हरिशंकर व्यास

अब सवाल है कि नीतीश कुमार से मोदी और शाह का बदला पूरा हो गया लेकिन आगे क्या? आगे भाजपा किसको मुख्यमंत्री बनाएगी यह लाख टके का सवाल है। भाजपा ने पिछले 10 सालों में जिस तरह के लोगों को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया उसे देख कर तो लगता है कि मोदी और शाह का एकमात्र लक्ष्य लोगों को हैरान करना या चौंकाना होता है। वे चुन कर ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाते हैं, जिसके बारे में किसी ने नहीं सोचा हो। जितने नाम पहले से चल रहे होते हैं उनको छोड़ कर किसी अन्य को सीएम बनाया जाता है। भजनलाल शर्मा से लेकर मोहन यादव, मोहन चरण मांझी और रेखा गुप्ता तक इसकी अनगिनत मिसाले हैं। लेकिन क्या बिहार में भाजपा इसी तरह का प्रयोग कर सकती है?यह थोड़ा मुश्किल लग रहा है क्योंकि बाकी राज्यों की तरह भाजपा को बिहार में अकेले बहुमत नहीं मिला है। दूसरे, बिना नीतीश की पार्टी के बाकी सहयोगियों के साथ भी भाजपा का पूर्ण बहुमत नहीं बनता है। दूसरी ओर मजबूत प्रादेशिक पार्टी के तौर पर राजद है, जो मौके का फायदा उठाने को तैयार है। इसलिए भाजपा को जातीय समीकरण का ध्यान रखना है तो साथ साथ नीतीश की पार्टी की पसंद का ख्याल भी रखना है। इसके अलावा कमान ऐसे नेता को देनी होगी, जो राजद से लड़ सके और गैर यादव पिछड़ी जाति के समीकरण का प्रतिनिधित्व करता हो। भाजपा यादव चेहरे का प्रयोग पहले कर चुकी है। 2015 में भाजपा ने यह प्रयोग किया था। नित्यानंद राय प्रदेश अध्यक्ष, भूपेंद्र यादव प्रभारी और रामकृपाल यादव ेंद्र में मंत्री थे। भाजपा ने जम कर टिकट भी दी लेकिन 2015 का वह प्रयोग विफल रहा था।इस बार भाजपा और जदयू दोनों ने खुल कर गैर यादव राजनीति की। यादव नेताओं की टिकट काटी गई और उसकी जगह दूसरी मझोली जातियों खास कर कोईरी, कुर्मी और धानुक को आगे बढ़ाया गया। उनके ज्यादा विधायक जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं। दूसरी बात यह है कि बिहार भाजपा के सबसे बड़े यादव नेता नंदकिशोर यादव को नगालैंड का राज्यपाल बनाया गया है। सो, यादव सीएम का प्रयोग शायद नहीं होगा। इसकी बजाय भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित मौजूदा फॉर्मेशन को बनाए रखना है। यानी कोईरी, कुर्मी और धानुक के प्रयोग को जारी रखना ङाजपा के लिए सुरक्षित भी होगा और उसके सामाजिक समीकरण के अनुकूल भी होगा। नीतीश कुमार और उनकी पार्टी का समर्थन भी इस पर मिलेगा।इस लिहाज से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पहली पसंद हो सकते हैं। अभी जनता दल यू के मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के दो उप मुख्यमंत्री हैं। वैसे ही भाजपा के मुख्यमंत्री के साथ जदयू के दो उप मुख्यमंत्री हो सकते हैं। ऐसा लग रहा है कि अंत में नीतीश कुमार के बेटे निशांत को उप मुख्यमंत्री पद के लिए चुना जाएगा। सो, कोईरी मुख्यमंत्री और कुर्मी उप मुख्यमंत्री भाजपा की गैर यादव पिछड़ी जाति के राजनीति में फिट होंगे और उत्तर प्रदेश के चुनाव के लिहाज से भी यह समीकरण काम करेगा। दूसरा उप मुख्यमंत्री सवर्ण होगा या दलित यह जनता दल यू को अपनी पार्टी की राजनीति के लिहाज से तय करना है।भाजपा में वैश्य या अति पिछड़ा मुख्यमंत्री के प्रयोग की बात भी की जा रही है। इस लिहाज से संजीव चौरसिया से लेकर दिलीप व संजय जायसवाल और सुनील कुमार पिंटू से लेकर धर्मशिला गुप्ता तक के नाम की चर्चा है। दलित चेहरे के तौर पर जनक राम का नाम भी लिया जा रहा है। लेकिन भाजपा ने नीतीश कुमार को हटाने का प्रयोग सफलतापूर्वक पूरा किया है तो दूसरे प्रयोग के लिए उसे इंतजार करना होगा। एक प्रयोग के बीच में दूसरा प्रयोग नुकसानदेह हो सकता है। लव कुश समीकरण यानी कोईरी, कुर्मी, धानुक के समीकरण को तोड़ने का जोखिम भाजपा अभी शायद ही ले। अगर भाजपा ऐसा कोई प्रयोग करती है तो नीतीश कुमार की पार्टी में नाराजगी होगी। इसका भी भाजपा को ख्याल रखना होगा।

# राम नवमी 2026 विशेष: मर्यादा, आस्था और आदर्श जीवन का संदेश

सौरभ वार्ष्णेय

भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारीः यह चौपाई सुनते ही मन भी राममय हो जाता है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में त्योहार केवल उत्सव नहीं होते, बल्कि वे जीवन जीने की दिशा भी देते हैं। ऐसा ही एक पावन पर्व है राम नवमी, जो भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 में भी यह पर्व लोगों के जीवन में आस्था, संयम और आदर्शों की नई ऊर्जा लेकर आएगा। राम नवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। यह वही दिन है जब अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान राम का जन्म हुआ था। राम केवल एक देवता ही नहीं, बल्कि आदर्श पुत्र, आदर्श राजा और आदर्श मानव के रूप में भी पूजे जाते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का मार्ग नहीं छोडना चाहिए।आज के बदलते सामाजिक परिदृश्य में राम के आदर्श और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। जब समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास दिखाई देता है, तब राम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाता है।राम ने अपने पिता के वचन को निभाने के लिए 14 वर्षों का वनवास स्वीकार किया, जो आज के समय में कर्तव्य और परिवार के प्रति समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है।राम नवमी के अवसर पर देशभर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। भक्तजन व्रत रखते हैं, रामचरितमानस का पाठ करते हैं और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान राम का गुणगान करते हैं। अयोध्या सहित अनेक स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जाती हैं, जो इस पर्व की भव्यता को और बढ़ा देती हैं।यह पर्व हमें केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रखता, बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण की प्रेरणा भी देता है। रामराज्य की कल्पनाख्रजहां न्याय, समानता और सुख-शांति होख्रआज भी हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार बनी हुई है। राम नवमी हमें यह संदेश देती है कि सच्चाई, धैर्य और मर्यादा के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। यदि हम भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सुधरेगा, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा।रामनवमीः जीवन जीने की दिशा भीभारत की सांस्कृतिक परंपरा में राम नवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा भी है। यह दिन भगवान राम के जन्म का प्रतीक है, जिन्हें ष्मर्यादा पुरुषोत्तमष कहा जाता हैख्रअर्थात् मर्यादा, नैतिकता और आदर्श जीवन के सर्वोच्च उदाहरण।आदर्शों से भरा जीवनरामनवमी हमें सिखाती है कि जीवन केवल सफलता या सत्ता पाने का नाम नहीं है, बल्कि अपने कर्तव्यों और मूल्यों को निभाने का नाम है। भगवान राम ने हर परिस्थिति में सत्य, धर्म और कर्तव्य को सर्वोपरि रखाख्रचाहे वह वनवास हो, परिवार के प्रति जिम्मेदारी हो या प्रजा के प्रति कर्तव्य।संतुलन और संयम का संदेशआज की तेज रफ्तार जिंदगी में जहां स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, राम का जीवन संयम और संतुलन का संदेश देता है। उन्होंने क्रोध, अहंकार और लोभ पर नियंत्रण रखते हुए जीवन जियाख्रजो आज भी हर व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक है। रिश्तों की मर्यादारामनवमी हमें यह भी सिखाती है कि रिश्तों की गरिमा बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। राम ने पुत्र, भाई, पति और राजाख्रहर भूमिका में आदर्श स्थापित किया। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि संबंध केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी होते हैं। संघर्ष में भी धैर्यजीवन में कठिनाइयाँ आना स्वाभाविक है, लेकिन राम का जीवन बताता है कि धैर्य और सकारात्मक सोच से हर संकट को पार किया जा सकता है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए।आज के संदर्भ में रामनवमीआज के समय में रामनवमी केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, सहनशीलता और न्यायख्रये सभी गुण हमें बेहतर इंसान और बेहतर समाज बनाने में मदद करते हैं।रामनवमी हमें याद दिलाती है कि सच्चा उत्सव केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन में है। जब हम भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तभी यह पर्व वास्तव में सार्थक होता है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# सैनिक कल्याण मंत्री से मिले गढ़वाल राइफल्स के कर्नल ऑफ द् रेजिमेंट लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा

**- पूर्व सैनिकों के रोजगार व सम्मान राशि पर हुई चर्चा**

देहरादून(संवाददाता)। शुक्रवार को देहरादून के न्यू कैंट रोड स्थित



सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से शासकीय आवास में गढ़वाल राइफल्स के कर्नल ऑफ द रेजिमेंट लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जनरल डीएस राणा ने सेना का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। बैठक के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए आभार जताया। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में हुई घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने, पूर्व सैनिकों को सेवानिवृत्ति के बाद रोजगार के अधिकाधिक अवसर प्रदान करने तथा वीरता चक्र विजेताओं की सम्मान राशि को बढ़ाये जाने का आग्रह किया। उन्होंने जनपद टिहरी के चंबा में गब्बर सिंह मेमोरियल के सुधारीकरण पर भी चर्चा की। इसके अतिरिक्त, पूर्व सैनिकों के साथ भूमि संबंधी मामलों में हो रही धोखाधड़ी को रोकने हेतु ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में चारधाम यात्रा मार्ग पर पूर्व सैनिकों के लिए सीजनल रोजगार के अवसर सृजित करने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्यधाम में प्रत्येक 15 दिवस में आर्मी बैंड-शो आयोजित करने की व्यवस्था बनाने, सेरामोनियल ड्रैस के साथ प्रत्येक दिवस गार्ड रिट्रीट सहित 15 जनवरी को आर्मी-डे पर देहरादून में फुल रिर्हल परेड करवाने पर भी सेना अधिकारी से वार्ता की। उन्होंने सैन्यधाम के म्युजियम में गढ़वाल राईफल्स से सहयोग का अनुरोध किया। इस दौरान उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट (सेनि), 127वीं टेरिटोरियल आर्मी के कमान अधिकारी कर्नल प्रफुल थपलियाल एवं अन्य सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में बर्फबारी और बारिश का अलर्ट, मौसम के रुख में किन जिलों में दिखेगा बदलाव?

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखंड के कई हिस्सों में मौसम बदल गया है। उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में गरज चमक के साथ बारिश देखी गई है। वहीं ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग ने आगे भी मौसम खराब रहने के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 2 अप्रैल तक उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों में मौसम की उठापटक देखी जाएगी। अलग-अलग जिलों में चोटियों पर बर्फबारी के संकेत हैं। इस दौरान कुछ जगहों पर तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। वहीं इन जिलों में 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी या बारिश दर्ज की जा सकती है। उत्तराखंड के बाकी जिलों में इक्का-दुक्का स्थानों पर हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने 28 मार्च को उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ जगहों पर बहुत हल्की बारिश देखी जा सकती है। वहीं इन जिलों में 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाली जगहों पर गरज चमक के साथ बर्फबारी या बौछारें पड़ने की संभावना है। उत्तराखंड के बाकी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 मार्च को उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। वहीं इन जिलों में गरज चमक के साथ 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी या बारिश भी देखी जा सकती है। उत्तराखंड के बाकी जिलों में इक्का-दुक्का स्थानों पर बहुत हल्की बारिश देखी जा सकती है। उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में 30 और 31 मार्च को कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है। वहीं 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी या बारिश भी हो सकती है। उत्तराखंड के मैदानी जिलों में छिटपुट स्थानों पर बहुत हल्की बारिश देखी जा सकती है। उत्तराखंड में 1 अप्रैल को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ जगहों पर बहुत हल्की बारिश या गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इन जिलों में 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर मौसम शुष्क होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 2 अप्रैल को पहाड़ी जिलों में कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

संक्षिप्त समाचार...

## नवाचार और तकनीक में महिलाओं की भूमिका पर मंथन

देहरादून(संवाददाता)। सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) में श्एसीएसआईआर साइंस क्लबश की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में श्आगाज 4.0श का आयोजन किया गया। श्विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत की उत्प्रेरकश विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में नवाचार और तकनीक में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर मंथन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. हरेंद्र सिंह बिष्ट ने गया, उन्होंने वैज्ञानिक नवाचार और सहयोगात्मक अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि एसीएसआईआर के निदेशक प्रो. मनोज कुमार धर ने भविष्य के शोधकर्ताओं के निर्माण और बहुविषयक दृष्टिकोण अपनाने पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। सत्र का समापन डॉ. हेमंत कुलकर्णी (प्रमुख, एसएसडीडी) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।200 प्रतिभागियों ने दिखाया हुनरइस आयोजन में लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने श्आत्मनिर्भर भारतश पर रंगोली, श्प्रकृति की खोजश पर फोटोग्राफी और संवहनीय ऊर्जा पर ग्राफिकल एब्स्ट्रैक्ट जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। शोधार्थियों की ओर से तैयार प्रदर्शनी दीर्घाओं ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके अलावा विज्ञान प्रश्नोत्तरी और डम्ब शराड्स जैसी रोचक गतिविधियां भी आयोजित की गई, जिसके बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डॉ. हरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रो. मनोज कुमार धर, डॉ. हेमंत कुलकर्णी सहित संस्थान के अनेक वैज्ञानिक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## परिवहन कार्यालय पर गरजे स्कूल वैन संचालक, मनमाने शुल्क के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखंड स्कूल वैन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सचिन गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को भारी संख्या में वैन संचालकों ने संभागीय परिवहन कार्यालय का घेराव किया। संचालकों ने विभाग द्वारा स्कूल वैन के लिए बिना किसी अध्ययन के मासिक शुल्क निर्धारित करने का कड़ा विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। एआरटीओ चक्रमनी मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए सचिन गुप्ता ने कहा कि एक तरफ सरकार युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रही है, वहीं दूसरी ओर परिवहन विभाग के नए नियम वैन संचालकों को आर्थिक रूप से तोड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मासिक शुल्क तय करने वाली आरटीए की बैठक में एसोसिएशन को आमंत्रित तक नहीं किया गया।संचालकों ने कहा कि वर्तमान में जो न्यूनतम शुल्क तय किया गया है, उससे परिवार पालना तो दूर, वाहन का खर्च निकालना भी मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति में वे अपने मैक्सी कैब परमिट सरेंडर करने को मजबूर होंगे। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि लागू शुल्क पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, तो प्रदेशभर के स्कूल वैन संचालक सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

# शिक्षकों के वार्षिक स्थानांतरण का होमवर्क करे विभाग : डॉ० धन सिंह रावत

**- कहा, उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका में तथ्यों के साथ करें ठोस पैरवी**

**- प्रमोशन प्रकरण निस्तारण में अधिकारियों को दिये तेजी लाने के निर्देश**

देहरादून(संवाददाता)। विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकों के वार्षिक स्थानांतरण हर हाल में किये जायेंगे। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दे दिये गये हैं, साथ ही विद्यालयों के कोटीकरण को लेकर उच्च न्यायालय में दायर याचिका में तथ्यों के साथ ठोस पैरवी करने को भी कहा गया है। इसके अलावा शिक्षकों के पदोन्नति प्रकरण के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ० धन सिंह रावत ने बताया कि वार्षिक स्थानांतरण व प्रमोशन शिक्षकों का मौलिक अधिकार है और राज्य सरकार इसको लेकर खासी गंभीर है। सरकार की मंशा शिक्षकों को वार्षिक स्थानांतरण व प्रमोशन का लाभ देना है। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दे दिये गये हैं, ताकि सभी पात्र शिक्षक समयबद्ध रूप से आवेदन कर पारदर्शी व्यवस्था के तहत स्थानांतरण का लाभ ले सके। डॉ० रावत ने बताया कि शिक्षकों के स्थानांतरण एवं प्रमोशान को लेकर वित्त एवं कार्मिक विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से अनुरोध श्रेणी के स्थानांतरणों को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके अलावा शिक्षकों के स्थानांतरण व विद्यालयों के कोटीकरण से संबंधित प्रकरणों को लेकर उच्च न्यायालय में दायर याचिका में तथ्यों के साथ ठोस पैरवी करने को भी कहा गया है। डॉ० रावत ने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो उक्त याचिका में विशेष अपील भी की जायेगी, ताकि वार्षिक स्थानांतरण की समयावधि से पूर्व उक्त प्रकरण का निस्तारण हो सके और शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ मिल सके। डॉ० रावत ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के प्रमोशन को लेकर भी खासी गंभीर है। उन्होंने बताया कि सरकार शिक्षकों को जल्द से जल्द प्रमोशन का लाभ पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिशा में शासन व विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों को उक्त प्रकरण के शीघ्र निस्तारण को प्रत्येक स्तर पर ठोस पैरवी करने के निर्देश दे दिये गये हैं।



# चाका और कलग्राम अरखुंड गांव में शराब पर सख्ती, परोसने और बेचने पर लगेगा जुर्माना

रुद्रप्रयाग(संवाददाता)। नशामुक्ति की दिशा में अगस्त्यमुनि के चाका गांव ने बैठक कर सर्वसम्मति से गांव में शराबबंदी का फैसला लिया। सभी ग्रामीणों ने अगस्त्यमुनि महाराज और क्षेत्रपाल महाराज को साक्षी मानकर गांव को नशामुक्त बनाने की शपथ ली। वहीं रुद्रप्रयाग जिले के कलग्राम अरखुंड में ममंद ने गांव में सार्वजनिक कार्यों में शराब पर रोक लगा दी है। चाका गांव में अब शादी या अन्य आयोजनों में शराब परोसने और अवैध बिक्री करने वालों पर 21 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। राजीव गांधी पंचायत भवन में प्रधान बंदना देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीणों ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हंगामा करने वालों पर 5100 रुपये का दंड भी तय किया। सुलोचना देवी, मंजू देवी, गीता देवी, अनीता देवी, कुसुम देवी का कहना है कि नशे के कारण सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा था। वहीं कलग्राम अरखुंड में हुई ममंद की बैठक में सामूहिक कार्यक्रम में शराब परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। महिला मंगल दल की अध्यक्ष ममता चौहान ने बताया कि नियम का उल्लंघन करने वाले परिवार पर 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही ऐसे परिवार का सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा। ग्राम विकास समिति और युवक मंगल दल ने भी इस पहल में सहयोग का भरोसा दिया।

# 15 अप्रैल तक दुरुस्त करें सड़क और पैदल मार्ग

रुद्रप्रयाग(संवाददाता)। केदारनाथ यात्रा को लेकर ऊखीमठ में हुई अहम बैठक में 15 अप्रैल तक सड़क और पैदल मार्ग पूरी तरह दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता विधायक आशा नौटियाल ने की। विधायक ने कहा कि इस बार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए व्यवस्थाएं और मजबूत करनी होंगी। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और होटल व्यवसायियों से सुझाव लिए और पिछली यात्रा का फीडबैक भी लिया। उन्होंने मेडिकल कैंप, एंबुलेंस और डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क, बिजली, पानी, साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। पंजीकरण और ट्रैकिंग सिस्टम मजबूत करने के भी निर्देश दिए गए। प्रशासन ने ईंधन, खाद्यान्न और गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। घोड़ा-खच्चर संचालन, स्वास्थ्य परीक्षण और पंजीकरण को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख पंकज शुक्ला, सीडीओ राजेंद्र सिंह रावत, एडीएम श्याम सिंह राणा सहित विभिन्न विभागों और व्यापार संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### डीएम ने किया जवाड़ी बाईपास का निरीक्षण, 10 तक काम पूरा करने के निर्देश

रुद्रप्रयाग(संवाददाता)। केदारनाथ यात्रा से पहले हाईवे सुधारने को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखा दी है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने जवाड़ी बाईपास का निरीक्षण कर 5 से 10 अप्रैल के बीच मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। करीब 3.5 किलोमीटर लंबा यह बाईपास जवाड़ी से रुद्रप्रयाग टनल तक जाता है और यात्रा के दौरान यातायात सुचारु रखने में अहम है। डीएम ने कहा कि यात्रा शुरू होने से पहले सड़क व हाईवे पूरी तरह गड्ढामुक्त हों। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पैचवर्क और मरम्मत कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। पहले यह काम आरबीएनएल को सौंपा गया था लेकिन समय कम होने के कारण अब इसे राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को दिया गया है।

### गुणवत्ता से हो त्रियुगीनारायण-सोनप्रयाग मार्ग पर डामरीकरण कार्य

रुद्रप्रयाग(संवाददाता)। त्रियुगीनारायण-सोनप्रयाग मार्ग पर डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। शुक्रवार को विभाग ने मौके का निरीक्षण किया और संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। त्रियुगीनारायण-सोनप्रयाग मार्ग पर 5 से 6 किमी के बीच डामर उखड़ने की का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद आनन-फानन में पीएमजीएसवाई विभाग की टीम अधिशासी अभियंता पवन कुमार के नेतृत्व में स्थल पर पहुंची। जांच में बताया गया कि मौसम में अचानक बदलाव और अधिक ठंड के कारण सड़क की ऊपरी परत प्रभावित हुई है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रभावित हिस्से पर दोबारा डामरीकरण करने के निर्देश दिए।

# नशा मुक्त अभियान में खुरेत गांव भी हुआ शामिल

नई टिहरी(संवाददाता)। चंबा-मसूरी फलपट्टी क्षेत्र का खुरेत गांव भी नशा मुक्त अभियान में शामिल हो गया है। ग्राम प्रधान अदिति भट्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मत से प्रस्ताव पारित किया गया है, कि गांव में होने वाले सभी सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक कार्यक्रमों में शराब पीने और पिलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पंचायत के फैसले का उल्लंघन करने पर 21 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। शराब नहीं संस्कार दें मुहिम से जुड़ने वाले गांवों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। नशा मुक्त अभियान के प्रणेता सुशील बहुगुणा ने बताया कि शुक्रवार को खुरेत गांव में आयोजित ग्राम पंचायत की बैठक में शराब के दुष्परिणाम पर चर्चा की गई। गांव की महिलाओं और पुरुषों ने विवाह और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम में शराब परोसने की परंपरा पर चिंता व्यक्त करते हुए कॉकटेल जैसी प्रथा प्रतिबंधित करने पर सहमति जताई गई। ग्राम पंचायत के फैसले की निगरानी के लिए गांव में समाज सुधार समिति बनाई गई है। प्रमोद भट्ट को समिति का अध्यक्ष, शीला देवी उपाध्यक्ष, अमर देव सचिव, शैला देवी को सहसचिव और अतिथि भट्ट को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजेश्वरी, अनीता देवी, भारती सकलानी, विनोद डबराल, मदनलाल डबराल एवं राकेश सकलानी को सदस्य नामित किया गया है। सुशील बहुगुणा ने ग्राम पंचायत के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इस मुहिम से निश्चित ही समाज को सही दिशा मिलेगी। बैठक में रोहित सकलानी, चेतन प्रसाद, राजीव डबराल, लीला देवी, मुहिम की कुंभीबाला भट्ट और लक्ष्मी आदि मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं ने हेवल नदी के आसपास चलाया स्वच्छता अभियान

नई टिहरी(संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय खाड़ी में दो दिवसीय नमामि गंगे परियोजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने हेवल नदी के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को नदियों के प्रति जागरूक किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं अंशिका, अंकिता असवाल, सिमरन कोटियाल, उर्मिला और अंजली तड़ियाल को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति सम्मान के प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नरेंद्रनगर के डीएफओ दिगांथ नायक, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा प्रोफ़ आनंद सिंह और डिप्टी डायरेक्टर उच्च शिक्षा प्रो ममता नैथानी ने दीप जलाकर किया। छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी, पोस्टर और वाद-विवाद प्रतियोगिता भी संपन्न हुई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। डीएफओ दिगांथ नायक ने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत नदियों की सफाई के लिए करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन अपेक्षित बदलाव नहीं दिख रहे हैं और इसके लिए सामाजिक मनोवृत्ति बदलना आवश्यक है। प्रोफ़ आनंद सिंह ने प्लास्टिक और पॉलीथिन के उपयोग पर रोक लगाने का आह्वान किया, जबकि प्रो ममता नैथानी ने कहा कि गंगा जीवनदायिनी है और इसे सुरक्षित रखने के लिए नैतिक आचरण बदलने की जरूरत है।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने बिखेरी लोकसंस्कृति की छटा

कोटद्वार(संवाददाता)। दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय भेल्डा के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि ऑनरेरी कैप्टन सुदमन सिंह चौधरी (सेवानिवृत्त) ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रतिभाओं को निखरने के लिए मंच मिलता है। प्रधानाध्यापिका रेखा चौहान ने बताया कि वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। पलायन की मार झेलता पहाड़, चौंफला, लेजियम के साथ लोकनृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। राजकीय प्राथमिक विद्यालय भदालीखाल के बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भावविभोर किया। पदमा देवी ने बच्चों को उपहार एवं विद्यालय को आर्थिक सहयोग दिया। ग्रामीणों ने यह कार्यक्रम ग्रामसभा स्तर पर एक उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया। विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा, संकुल प्रभारी सोनम पाल, ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह, शिक्षिका अनीता चौहान, एसएमसी अध्यक्ष बबली देवी, पूर्व प्रधान निजुम, नीरा, बबीता रावत आदि मौजूद रहे।

### संगठित होकर महिला मोर्चा को प्रदान करें मजबूती : रुचि भट्ट

कोटद्वार(संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट के नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने सभी से एकजुट होकर महिला मोर्चा को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। मालवीय उद्यान स्थित जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका से पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कहा कि प्रदेश सरकार के चार साल बेमिसाल हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार उत्तराखंड के विकास की ओर अग्रसर है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शशिबाला केष्टवाल, महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यालय की सह प्रभारी बबली चौहान, जिला महामंत्री लक्ष्मी रावत, अराधना द्विवेदी, हंसलता, बबीता ग्वाड़ी और महेश्वरी बिष्ट आदि मौजूद रहीं।

# युवाओं को दी स्वरोजगार की जानकारी

कोटद्वार(संवाददाता)। केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय व उद्यम विकास कार्यालय हल्द्वानी की ओर से भाबर के झंडीचौड़ पूर्वी स्थित जीतलाल प्राइवेट आईटीआई में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। सहायक निदेशक संदीप प्रियदर्शी ने केंद्र सरकार की ओर से संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। जिला जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक देवेंद्र नाथ ने भी योजनाओं के बारे में बताया। संस्थान के प्रबंधक हरीश आर्य ने कहा कि आज के समय में नौकरी मिलना मुश्किल है।

# 157 मरीजों ने कराई आंखों की जांच

कोटद्वार(संवाददाता)। हंस अस्पताल में आयोजित छह दिवसीय निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के पांचवें दिन 157 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ने सभी की आंखों का परीक्षण कर परामर्श दिया। 20 मरीजों में मोतियाबिंद मिला। इनमें से 18 का ऑपरेशन कर लैंस प्रत्यारोपण किया गया। 124 मरीजों को निशुल्क दवा, चश्मे दिए गए। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि 28 मार्च को नेत्र चिकित्सा शिविर का अंतिम दिन होगा।

# जल संरक्षण विषय पर हुआ व्याख्यान

कोटद्वार(संवाददाता)। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत जल संरक्षण विषय पर व्याख्यान एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं। डॉ. आरके द्विवेदी ने कहा कि जल संरक्षण केवल वर्तमान आवश्यकता नहीं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा विषय है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी वरुण कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को जागरूक करने के साथ ही सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते हैं। प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने कहा कि जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### सात दिन बाद गौचर पहुंचा वाहन तो बांटे 240 सिलिंडर

चमोली(संवाददाता)। गैस किल्लत के बीच शुक्रवार को सात दिन बाद गौचर में इंडेन गैस एजेंसी का वाहन पहुंचा और लोगों को 240 सिलिंडर वितरित किए गए। साथ ही करीब 8 से अधिक व्यावसायिक सिलिंडर भी दिए गए। वहीं नगर में भारत गैस के उपभोक्ताओं को 15 दिनों से सिलिंडर का इंतजार है। भारत गैस एजेंसी की आपूर्ति कर्णप्रयाग और सिमली में भी लंबे समय से नहीं हो पाई। शुक्रवार को करीब एक सप्ताह बाद इंडेन गैस एजेंसी का वाहन गौचर पहुंचा तो सिलिंडर लेने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे। सिलिंडर लेने से जो उपभोक्ता रह गए उन्हें भी जल्द सिलिंडर दिया जाएगा। वहीं नारायणबगड़ से गौचर, कर्णप्रयाग और सिमली के लिए भारत गैस की ओर से लंबे समय से सिलिंडर की आपूर्ति नहीं की गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले सीएम धामी, उत्तराखंड आगमन का दिया निमंत्रण

### राज्य के विकास में केंद्र के सहयोग के लिए जताया प्रधानमंत्री का आभार



देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के विकास के लिये केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र के सहयोग से राज्य विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड आगमन का भी निमंत्रण प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को टिहरी जनपद में स्थित शक्तिपीठ मां सुरकंडा देवी की रेप्लिका, बद्री गाय का घी के साथ ही राज्य के अलग- अलग जिलों से मंगाई पांच प्रकार की राजमा और शहद भेंट किए।मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुम्भ-2027 के लिए 500 करोड़ रुपये की सहायता, नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा फिजिबिलिटी स्टडी, राजाजी नेशनल पार्क स्थित चौरासी कुटिया के विकास के लिए 100 करोड़ की स्वीकृति, पिथौरागढ़ के नैनी-सैनी हवाई पट्टी हेतु एमओयू और चारधाम यात्रा के लिए सुरक्षित हेली सेवाओं हेतु संचालन में सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश में विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण, चम्पावत बाईपास, देहरादून रिंग रोड एवं देहरादून-मसूरी रोड जैसी महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने, उत्तराखंड दौरे पर प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए सुझावों और मार्गदर्शन पर राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड को वैश्विक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए चौपता, दुग्गलबिट्ठा, पटवाडांगर और शारदा कॉरिडोर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, जबकि रामनगर, देहरादून, ऋषिकेश और त्रियुगीनारायण पहले से लोकप्रिय वेडिंग डेस्टिनेशन बन चुके हैं। राज्य में वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए पालिसी भी तैयार की जा रही है।मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में आध्यात्मिक आर्थिक क्षेत्र के रूप में बेल केदार, अंजनीसैंण-टिहरी तथा लोहाघाट-श्यामलाताल क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। राज्य सरकार ने शीतकालीन यात्रा भी प्रारंभ कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आदि कैलास यात्रा में वर्ष 2022 में 1761 श्रद्धालुओं की तुलना में वर्ष 2025 में 36453 श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन किया गया। यहाँ के लिए हेलीसेवा भी शुरू की गई। इसी तरह राज्य में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, कयाकिंग सहित अनेक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही स्थानीय रोजगार सृजन के लिए वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, पर्यटन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए "एक जिला-एक मेला", क्लस्टर विद्यालय योजना, भारत दर्शन एवं उत्तराखण्ड दर्शन कार्यक्रम जैसी पहलों की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी।

### समाज कल्याण मंत्री खजान दास ने विभागीय समीक्षा बैठक की

देहरादून(संवाददाता)। मंत्री ने कहा कि कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त यह हमारी पहली विभागीय समीक्षा बैठक है। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग आमजनमानस से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विभाग है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की प्रगति जुड़ी हुई है इसी को देखते हुए अधिकारियों को विभाग से जुड़ी हुई सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये। समाज कल्याण मंत्री ने सिलसिलेवार विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन विकसित भारत वर्ष 2047 को साकार करने तथा मुख्यमंत्री धामी के सपनों के उत्तराखण्ड को आगे बढ़ाने के संकल्प को सिद्ध करने के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा।

## 1 अप्रैल से चलेगा प्री-एसआईआर में मैपिंग का सघन अभियान

- **85% मैपिंग पूरी, कम मैपिंग वाले बूथ पर स्पेशल फोकस**
- **एक क्लिक पर अपने बीएलओ के लिए बुक करा सकते हैं**
- **फोनकॉल राजनैतिक दलों ने अब तक की 19 हजार बीएलएएस नियुक्ति**

देहरादून(संवाददाता)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कान्फ्रेंस कर आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों और प्रगति के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ जोगदंडे ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशन में प्रदेश में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के दृष्टिगत प्री-एसआईआर फेज में 85 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी अप्रैल माह से प्रदेश में और भी सघन डोर-टू-डोर अभियान चलाकर कम मैपिंग वाले बूथ पर स्पेशल फोकस करते हुए मैपिंग का कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के कम में प्रत्येक बूथ पर एब्सेंट, शिफ्टेड और डेथ (एएसडी) सूची तैयार की जा रही है ताकि मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य और गहनता से किया जा सके।

एक क्लिक पर अपने बीएलओ के लिए बुक करा सकते हैं फोनकॉल: अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ष्बुक ए कॉल विद बीएलओष के फीचर से मतदाता एक क्लिक पर अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता ीजजचे://अवजमते.मबप.हवअ.पद वेबसाइट पर विजिट करके या ईसीआई-नेट मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर अपनी कॉल बुक करा सकते हैं। कॉल बुक कराने के बाद दो दिन के भीतर बीएलओ द्वारा मतदाता से स्वयं संपर्क किया जाएगा। 19 हजार ठस। नियुक्त : अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने राजनैतिक दलों से शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्त करने का आग्रह किया है।

## संक्षिप्त समाचार...

### मूल्यांकन कार्यशाला में पारदर्शी और सही मूल्यांकन को दिए निर्देश

देहरादून(संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को परीक्षकों एवं उप प्रधान परीक्षकों के लिए मूल्यांकन संबंधी कार्य को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के सही और पारदर्शी मूल्यांकन को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान बताया गया कि बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन के लिए देहरादून और विकासनगर में दो केंद्र बनाए गए हैं, जहां परीक्षकों की ओर से कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्यशाला में विनोद ढोंडियाल (मुख्य शिक्षा अधि कारी) और प्रेमलता बोड़ाई (प्रध ानाचार्य) सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने मूल्यांकन कार्य को निष्पक्ष, समयबद्ध और सावधानीपूर्वक करने पर जोर दिया।

### नए भर्ती हुए पुलिसकर्मियों को बताई पुलिस की गरिमा

देहरादून(संवाददाता)। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने शुक्रवार को पुलिस में नए भर्ती रंगरूठों से संवाद किया। पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे इन युवा पुलिस कर्मियों को एसएसपी ने पुलिस सेवा की गरिमा, अनुशासन और कर्तव्य निष्ठ का महत्व समझाया।

### इंदिरा मार्केट प्रोजेक्ट का काम तेजी से हो पूरा

देहरादून(संवाददाता)। सचिव सीपीआईएम अनन्त आकाश ने एमडीडीए से मांग की है कि इंदिरा मार्केट रिडेवलपमेन्ट प्रोजेक्ट का काम तेजी से पूरा करवाया जाए। उन्होंने बताया कि जल्द योजना के दायरे में आने वाले दुकानदारों और अन्य लाभार्थियों की समस्याओं को लेकर प्राधि करण को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि मौके पर धीमी रफ्तार से काम चल रहा है।

# बस पलटने से एक यात्री कि मौत और 8 यात्री घायल



नैनीताल (संवाददाता)। / खूपी गांव में बस पलटने से एक यात्री कि मौत और 8 यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को 108 स्वास्थ्य सेवा से अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस, दमकल और एस.डी.आर.एफ.टीम ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर रैस्क्यू किया।नैनीताल के खूपी गांव में आज सवेरे लगभग 7 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तीव्र मोड़ पर एक बस पलट गई। बस कुमाऊं मोटर्स ऑनर्स यूनियन(के.एम.ओ.यू.)की थी।बस संख्या यू.के.04पी.ए.1112 हल्द्वानी से डीडीहाट जा रही थी। बस जैसे ही गेठिया पार कर खूपी पहुंची तो एक तीव्र मोड़ पर तेज रफ्तार चल रही बस पलट गई। बस में सवार 15 सवारियों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना में एक युवक बस में दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाला लगभग 30 वर्षीय है, जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की जेब से कोई आई.डी.कार्ड नहीं मिला है, जबकी एक मोबाइल फोन मिलने से पहचान की कोशिश की जा रही है।बताया जा रहा है कि बस के ब्रेक फेल होने के कारण हादसा हुआ होगा। ये भी बताया गया है कि बस का एकसीलिरेटर फंसने से स्पीड अनियंत्रित हो गई होगी।इससे पहले भी इस क्षेत्र में कई दुर्घटनाएं होती आ रही हैं। बीती 21 मार्च को उन्नाव से जागेश्वर धाम दर्शनों के लिए जा रही भक्तों की कार भी इसी क्षेत्र में गिरी थी। इस हादसे में दो लोगों की जान चली गई थी।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# भाजपा सरकार के दावे खोखले, जमीनी स्तर पर विफल रही सरकार: मनोज तिवारी

अल्मोड़ा(संवाददाता)। अल्मोड़ा-बारामंडल विधायक मनोज तिवारी ने भाजपा सरकार के नौ वर्षों को विफलताओं का दौर बताते हुए उस पर तीखा हमला बोला। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए। विधायक तिवारी ने सरकार के श्जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसालश नारे को खोखला बताते हुए कहा कि यह केवल दिखावे तक सीमित है और जमीनी स्तर पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्चार साल बेमिसालश कार्यक्रमों के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और इन आयोजनों के जरिए 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में मंत्री अनुपस्थित रहते हैं, जबकि भाजपा के पदाधिकारी मंचों पर नजर आते हैं। तिवारी ने मल्ला महल में आयोजित एक कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए वहां लोगों की कमी और खाली कुर्सियां होने का दावा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस स्थिति को छिपाने के लिए उसी स्थान पर दोबारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासन की मदद से भीड़ जुटाई गई। विधायक ने राज्य में बढ़ती अपराध दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि उत्तराखंड में महिला, बाल और साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। साथ ही उन्होंने अंकिता हत्याकांड के खुलासे में देरी और विभिन्न मामलों में भाजपा पदाधिकारियों के नाम सामने आने का भी उल्लेख किया। तिवारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं और डॉक्टरों व विशेषज्ञों की कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में क्लस्टर स्कूलों की बात की जा रही है, जबकि कई स्थानों पर स्थायी प्रधानाचार्य तक नहीं हैं। सड़कों की स्थिति भी खराब है और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का 'चार साल बेमिसाल' का दावा वास्तविकता से परे है और सरकार लगभग सभी क्षेत्रों में विफल रही है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी और दीपक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

अल्मोड़ा(संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत महिला कोतवाली पुलिस टीम ने शहीद मेजर कमलेश पांडे राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, बड़ेछीना में छात्र-छात्राओं और स्टाफ को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा बलवंत सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महिला कोतवाली एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट जानकी भंडारी के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान टीम ने डिजिटल ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी, साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी अवगत कराया।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स का धरना पांचवें दिन भी जारी, विधायक ने दिया समर्थन

अल्मोड़ा(संवाददाता)। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का धरना और कार्य बहिष्कार पांचवें दिन भी जारी रहा। इंजीनियरों ने 27 सूत्रीय मांगों को लेकर शक्ति सदन में प्रदर्शन कर सरकार के प्रति नाराजगी जताई। प्रदर्शन को समर्थन देने अल्मोड़ा-बारामंडल विधायक मनोज तिवारी अपने समर्थकों के साथ शक्ति सदन पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के डिप्लोमा इंजीनियर्स अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही है। विधायक तिवारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में विकास कार्यों में तेजी आनी चाहिए, लेकिन इंजीनियरों की हड़ताल से कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जो सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों का भुगतान लंबित होने से वे भी परेशान हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर इसका असर पड़ रहा है। महासंघ के पदाधिकारियों के अनुसार उनकी प्रमुख मांगों में वेतन विसंगतियों का समाधान, समयबद्ध पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली, विभागीय ढांचे में सुधार और सेवा शर्तों को बेहतर बनाना शामिल है। इसके अलावा अभियंताओं के अधिकारों में वृद्धि और कार्य व्यवस्था को मजबूत करने की मांग भी लंबे समय से लंबित है, जिस पर अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।



# जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

अल्मोड़ा(संवाददाता)। विकासभवन में जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने और गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को पाइपलाइन बिछाने, जल स्रोतों के विकास और टंकियों के निर्माण से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी करने को कहा। उन्होंने धीमी प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जलापूर्ति योजनाओं की वर्तमान स्थिति, हर घर जल कनेक्शन की प्रगति और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और योजनाओं का लाभ सभी पात्र परिवारों तक पहुंचे। उन्होंने ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित पेयजल किल्लत से निपटने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार रखने और निर्बाध जलापूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में वनभूमि हस्तांतरण से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने को कहा। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पार्किंग की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

हल्द्वानी(संवाददाता)। नगर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से मिला। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद कालाढूंगी के कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को उनके वाहन खड़े करने के लिए स्थान दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने बताया कि कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों के लिए पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। पार्किंग न होने से व्यापारियों को अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़ते हैं। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल, मतलूब इलाही, शंकर पांडे, नवीन चंद्र, भास्कर चंद्र, जगदीश पांडे, सुरेश चंद शर्मा, विमला देवी मौजूद रहे।

### दो दिन 15- 15 घंटे तक भारी वाहन शहर में नहीं आ सकेंगे

हल्द्वानी(संवाददाता)। वीकेंड को देखते हुए पुलिस ने हल्द्वानी में रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। शनिवार और रविवार दो दिन 15-15 घंटे तक शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री रहेगी। सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों की शहर में आवाजाही ठप रहेगी। रात दस बजे बाद रूट साफ होने पर भारी वाहनों को निकाला जाएगा। मैदान से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहनों को गौलापार क्षेत्र में पुराना आरटीओ फिटनेस सेंटर डिवाइडर से पीछे और खेड़ा चौकी से पीछे रोका जाएगा। बरेली रोड से आकर पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले पर्यटक वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलपार होते हुए नरीमन तिराहे से जाएंगे। रुद्रपुर की ओर से पहाड़ों को जाने वाले पर्यटक वाहन पंतनगर तिराहा (दिनेशपुर मोड) से एनएच 109 (नया हाईवे) होते हुए पंतनगर, लालकुआं से तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नरीमन तिराहे से जाएंगे। रामनगर, बाजपुर से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले वाहन कालाढूंगी (नैनीताल तिराहा) से डायवर्ट होकर मंगोली होते हुए जाएंगे। 29 मार्च को एलपीजी वाहनों के अलावा आवश्यक सेवा वाले भारी वाहनों (जैसे सब्जी, ईंधन, दूध आदि) का आवागमन दोपहर दो बजे से रात्रि दस बजे तक वर्जित रहेगा।

## अयोध्या धाम के लिए 50 तीर्थयात्रियों का दल रवाना

हल्द्वानी(संवाददाता)। लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी की ओर से 50 तीर्थयात्रियों का समूह शुक्रवार को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। मुखानी स्थित वर्मा पेट्रोल पंप पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट और क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह तीर्थयात्री दल अयोध्या में सरयू स्नान, हनुमानगढ़ी और भव्य राम दरबार के दर्शन करेगा। इस अवसर पर क्लब के सचिव निशुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, प्रीति, उपाध्यक्ष डॉ. अनुज अग्रवाल, पवन, कनक, सुमन जैन, प्रदीप, पंकज, शुभम, अक्षत, संविका, स्नेहा अग्रवाल, राकेश वर्मा और अंकुर गुप्ता सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## कैंची धाम की अव्यवस्थाओं पर कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी(संवाददाता)। समाजसेवी विशाल वर्मा व पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात कर कैंची धाम की व्यवस्थाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट को मिलने वाले करोड़ों रुपये के दान से श्रद्धालुओं के लिए धर्मशाला और भंडारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आने वाले भक्तों को रहने और भोजन की सुविधा मिल सके। उन्होंने मंदिर क्षेत्र के आसपास शराब और मांस सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा शिप्रा नदी में सीवर डालने वाले होटल-रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## 27 सूत्रीय मांगों पर अड़े इंजीनियर्स, हड़ताल जारी

हल्द्वानी(संवाददाता)। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के आह्वान पर प्रान्तीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग परिसर, हल्द्वानी में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रही। इस दौरान आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे और सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता एन सी त्रिपाठी और शंकर शंभू पंत ने की। वक्ताओं ने कहा कि हड़ताल के पांच दिन बीत जाने के बावजूद सरकार की ओर से कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है।

## कार चोरी की गलत सूचना पर दस हजार का चालान

हल्द्वानी(संवाददाता)। सरकारी मशीनरी को गुमराह करना एक व्यक्ति के लिए महंगा साबित हुआ। काठगोदाम पुलिस ने कार चोरी की गलत सूचना देने वाले व्यक्ति का दस हजार रुपये का चालान काटा है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को गौलापार निवासी त्रिवेणी चंद्र पाठक ने डायल 112 पर कॉल कर सूचना दी कि उनकी कार मधुबन बैंक्वेट हॉल के पास से चोरी हो गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए काठगोदाम पुलिस ने तत्काल सिटी पेट्रोल और चीता मोबाइल की टीमों को मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम ने जब इलाके की छानबीन की, तो कार बैंक्वेट हॉल के पास ही एक सुनसान जगह पर खड़ी मिल गई।

# भाजपा सरकार के दावे खोखले, जमीनी स्तर पर विफल रही सरकारः मनोज तिवारी

अल्मोड़ा(संवाददाता)। अल्मोड़ा-बारामंडल विधायक मनोज तिवारी ने भाजपा सरकार के नौ वर्षों को विफलताओं का दौर बताते हुए उस पर तीखा हमला बोला। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए। विधायक तिवारी ने सरकार के श्जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसालश नारे को खोखला बताते हुए कहा कि यह केवल दिखावे तक सीमित है और जमीनी स्तर पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्चार साल बेमिसालश कार्यक्रमों के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और इन आयोजनों के जरिए 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में मंत्री अनुपस्थित रहते हैं, जबकि भाजपा के पदाधिकारी मंचों पर नजर आते हैं। तिवारी ने मल्ला महल में आयोजित एक कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए वहां लोगों की कमी और खाली कुर्सियां होने का दावा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस स्थिति को छिपाने के लिए उसी स्थान पर दोबारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासन की मदद से भीड़ जुटाई गई। विधायक ने राज्य में बढ़ती अपराध दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि उत्तराखंड में महिला, बाल और साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। साथ ही उन्होंने अंकिता हत्याकांड के खुलासे में देरी और विभिन्न मामलों में भाजपा पदाधिकारियों के नाम सामने आने का भी उल्लेख किया। तिवारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं और डॉक्टरों व विशेषज्ञों की कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में क्लस्टर स्कूलों की बात की जा रही है, जबकि कई स्थानों पर स्थायी प्रधानाचार्य तक नहीं हैं। सड़कों की स्थिति भी खराब है और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का 'चार साल बेमिसाल' का दावा वास्तविकता से परे है और सरकार लगभग सभी क्षेत्रों में विफल रही है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी और दीपक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

अल्मोड़ा(संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत महिला कोतवाली पुलिस टीम ने शहीद मेजर कमलेश पांडे राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, बड़ेछीना में छात्र-छात्राओं और स्टाफ को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा बलवंत सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महिला कोतवाली एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट जानकी भंडारी के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान टीम ने डिजिटल ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी, साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी अवगत कराया।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स का धरना पांचवें दिन भी जारी, विधायक ने दिया समर्थन

अल्मोड़ा(संवाददाता)। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का धरना और कार्य बहिष्कार पांचवें दिन भी जारी रहा। इंजीनियरों ने 27 सूत्रीय मांगों को लेकर शक्ति सदन में प्रदर्शन कर सरकार के प्रति नाराजगी जताई। प्रदर्शन को समर्थन देने अल्मोड़ा-बारामंडल विधायक मनोज तिवारी अपने समर्थकों के साथ शक्ति सदन पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के डिप्लोमा इंजीनियर्स अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही है। विधायक तिवारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में विकास कार्यों में तेजी आनी चाहिए, लेकिन इंजीनियरों की हड़ताल से कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जो सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों का भुगतान लंबित होने से वे भी परेशान हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर इसका असर पड़ रहा है। महासंघ के पदाधिकारियों के अनुसार उनकी प्रमुख मांगों में वेतन विसंगतियों का समाधान, समयबद्ध पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली, विभागीय ढांचे में सुधार और सेवा शर्तों को बेहतर बनाना शामिल है। इसके अलावा अभियंताओं के अधिकारों में वृद्धि और कार्य व्यवस्था को मजबूत करने की मांग भी लंबे समय से लंबित है, जिस पर अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।



# जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

अल्मोड़ा(संवाददाता)। विकासभवन में जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने और गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को पाइपलाइन बिछाने, जल स्रोतों के विकास और टंकियों के निर्माण से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी करने को कहा। उन्होंने धीमी प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जलापूर्ति योजनाओं की वर्तमान स्थिति, हर घर जल कनेक्शन की प्रगति और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और योजनाओं का लाभ सभी पात्र परिवारों तक पहुंचे। उन्होंने ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित पेयजल किल्लत से निपटने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार रखने और निर्बाध जलापूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में वनभूमि हस्तांतरण से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने को कहा। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पार्किंग की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

हल्द्वानी(संवाददाता)। नगर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से मिला। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद कालाढूंगी के कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को उनके वाहन खड़े करने के लिए स्थान दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने बताया कि कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों के लिए पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। पार्किंग न होने से व्यापारियों को अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़ते हैं। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल, मतलूब इलाही, शंकर पांडे, नवीन चंद्र, भास्कर चंद्र, जगदीश पांडे, सुरेश चंद शर्मा, विमला देवी मौजूद रहे।

### दो दिन 15- 15 घंटे तक भारी वाहन शहर में नहीं आ सकेंगे

हल्द्वानी(संवाददाता)। वीकेंड को देखते हुए पुलिस ने हल्द्वानी में रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। शनिवार और रविवार दो दिन 15-15 घंटे तक शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री रहेगी। सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों की शहर में आवाजाही ठप रहेगी। रात दस बजे बाद रूट साफ होने पर भारी वाहनों को निकाला जाएगा। मैदान से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहनों को गौलापार क्षेत्र में पुराना आरटीओ फिटनेस सेंटर डिवाइडर से पीछे और खेड़ा चौकी से पीछे रोका जाएगा। बरेली रोड से आकर पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले पर्यटक वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलपार होते हुए नरीमन तिराहे से जाएंगे। रुद्रपुर की ओर से पहाड़ों को जाने वाले पर्यटक वाहन पंतनगर तिराहा (दिनेशपुर मोड) से एनएच 109 (नया हाईवे) होते हुए पंतनगर, लालकुआं से तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नरीमन तिराहे से जाएंगे। रामनगर, बाजपुर से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले वाहन कालाढूंगी (नैनीताल तिराहा) से डायवर्ट होकर मंगोली होते हुए जाएंगे। 29 मार्च को एलपीजी वाहनों के अलावा आवश्यक सेवा वाले भारी वाहनों (जैसे सब्जी, ईंधन, दूध आदि) का आवागमन दोपहर दो बजे से रात्रि दस बजे तक वर्जित रहेगा।

## अयोध्या धाम के लिए 50 तीर्थयात्रियों का दल रवाना

हल्द्वानी(संवाददाता)। लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी की ओर से 50 तीर्थयात्रियों का समूह शुक्रवार को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। मुखानी स्थित वर्मा पेट्रोल पंप पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट और क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह तीर्थयात्री दल अयोध्या में सरयू स्नान, हनुमानगढ़ी और भव्य राम दरबार के दर्शन करेगा। इस अवसर पर क्लब के सचिव निशुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, प्रीति, उपाध्यक्ष डॉ. अनुज अग्रवाल, पवन, कनक, सुमन जैन, प्रदीप, पंकज, शुभम, अक्षत, संविका, स्नेहा अग्रवाल, राकेश वर्मा और अंकुर गुप्ता सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## कैंची धाम की अव्यवस्थाओं पर कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी(संवाददाता)। समाजसेवी विशाल वर्मा व पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात कर कैंची धाम की व्यवस्थाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट को मिलने वाले करोड़ों रुपये के दान से श्रद्धालुओं के लिए धर्मशाला और भंडारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आने वाले भक्तों को रहने और भोजन की सुविधा मिल सके। उन्होंने मंदिर क्षेत्र के आसपास शराब और मांस सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा शिप्रा नदी में सीवर डालने वाले होटल-रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## 27 सूत्रीय मांगों पर अड़े इंजीनियर्स, हड़ताल जारी

हल्द्वानी(संवाददाता)। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के आह्वान पर प्रान्तीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग परिसर, हल्द्वानी में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रही। इस दौरान आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे और सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता एन सी त्रिपाठी और शंकर शंभू पंत ने की। वक्ताओं ने कहा कि हड़ताल के पांच दिन बीत जाने के बावजूद सरकार की ओर से कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है।

## कार चोरी की गलत सूचना पर दस हजार का चालान

हल्द्वानी(संवाददाता)। सरकारी मशीनरी को गुमराह करना एक व्यक्ति के लिए महंगा साबित हुआ। काठगोदाम पुलिस ने कार चोरी की गलत सूचना देने वाले व्यक्ति का दस हजार रुपये का चालान काटा है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को गौलापार निवासी त्रिवेणी चंद्र पाठक ने डायल 112 पर कॉल कर सूचना दी कि उनकी कार मधुबन बैंक्वेट हॉल के पास से चोरी हो गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए काठगोदाम पुलिस ने तत्काल सिटी पेट्रोल और चीता मोबाइल की टीमों को मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम ने जब इलाके की छानबीन की, तो कार बैंक्वेट हॉल के पास ही एक सुनसान जगह पर खड़ी मिल गई।

# कुंभ मेला-2027 में देव डोलियों की भव्य शोभायात्रा एवं गंगा स्नान की तैयारियां शुरू

हरिद्वार(संवाददाता)। कुंभ मेला2027 में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों की देव डोलियों द्वारा गंगा स्नान एवं शोभायात्रा एक प्रमुख आकर्षण होगा। इस आयोजन के माध्यम से राज्य की लोक संस्कृति, परंपरा तथा आस्था की अद्भुत छवियों को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देश पर मेला प्रशासन ने देव डोलियों की शोभायात्रा एवं स्नान के दिव्य आयोजन की तैयारियां पूरी भव्यता के साथ शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेला नियंत्रण भवन, हरिद्वार में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें देव डोलियों के स्नान एवं शोभायात्रा की रूपरेखा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों, देवभूमि लोक संस्कृति से जुड़ी विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों तथा मेला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान देव डोलियों की शोभायात्रा एवं स्नान की तिथि, आवागमन मार्ग, ठहराव स्थलों की व्यवस्था तथा पारंपरिक शोभायात्रा के संचालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से देश-दुनिया के लोग उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं मान्यताओं का साक्षात्कार कर सकेंगे। उन्होंने कुंभ मेला की स्नान तिथियों एवं अन्य तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि देव डोलियों की शोभायात्रा एवं स्नान कार्यक्रम को पूर्ण भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। साथ ही, कुंभ की परंपराओं, लोक आस्था एवं सांस्कृतिक महत्व का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिव्य आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। बैठक में लैंसडाउन क्षेत्र के विधायक श्री दिलीप रावत ने कहा कि राज्य सरकार कुंभ मेले के अवसर पर देव डोलियों के स्नान एवं शोभायात्रा को भव्य रूप देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने इस आयोजन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की देव डोलियों के प्रतिनिधियों, शोभायात्रा समिति के सदस्यों एवं अन्य संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि देव डोलियों के आगमन से पूर्व संबंधित क्षेत्रों एवं समितियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित रखते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडल में कार्यक्रम के समन्वय हेतु संयोजकों को नामित किया जाएगा। साथ ही कुंभ की परंपराओं एवं लोक मान्यताओं के अनुरूप शुभ मुहूर्त के आधार पर कार्यक्रम की तिथि का पृथक निर्धारण किया जाएगा। देव डोलियों के आगमन पर हरिद्वार में उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में अपर मेलाधिकारी श्री दयानंद सरस्वती ने कुंभ मेला की तैयारियों एवं देव डोलियों के स्नान से संबंधित प्रस्तावित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जे.आर. जोशी सहित अन्य अधिकारी तथा देवभूमि लोक संस्कृति विरासत शोभायात्रा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हर्षमणि व्यास, हरिशंकर जोशी, डॉ. एस.एस. रतूड़ी, डॉ. आर.पी. रतूड़ी, द्वारिका प्रसाद भट्ट, विपिन जोशी, भोपाल सिंह चौधरी, संजय पालीवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## चारधाम यात्रा में समन्वय और तत्परता से दायित्व निभाएं: यदुवंशी

ऋषिकेश(संवाददाता)। एसडीआरएफ के सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मासिक सम्मेलन आयोजित किया। इसमें राज्य की सभी एसडीआरएफ पोस्टों से अधिकारी और कार्मिक ऑनलाइन जुड़े। जौलीग्रांट स्थित एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय से सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने सभी पोस्टों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान सभी टीमें पूर्ण सतर्कता, आपसी समन्वय और तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों और कार्मिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहने को कहा। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य के दौरान शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना जरूरी बताते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार और पर्याप्त विश्राम पर जोर दिया। इस दौरान यात्रा मार्गों पर संभावित जोखिमों, आपदा प्रबंधन की रणनीति, त्वरित रेस्क्यू व्यवस्था, उपकरणों की उपलब्धता, टीमों की तैनाती और जनशक्ति को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन में उपसेनानायक शुभांक रतूड़ी, शान्तनु पाराशर, सहायक सेनानायक सुशील रावत, सूबेदार मेजर जयपाल राणा, सब इंस्पेक्टर योगेंद्र भंडारी आदि उपस्थित रहे।

### संक्षिप्त समाचार...

## फाउंडेशन ने वार्षिक उत्सव मनाया

रुड़की(संवाददाता)। भारतीय एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की ओर से शुक्रवार को सोनी फाउंडेशन परिसर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल गौतम बनर्जी रहे। विशिष्ट अतिथियों में ब्रिगेडियर केपी सिंह तथा मेजर जनरल अजय चतुर्वेदी शामिल रहे। विद्यालय अध्यक्ष सेवानिवृत ब्रिगेडियर केके तलवार, हेमंत अरोड़ा, कर्नल समीर मानसिंह और निदेशिका शांति दुबे भी मौजूद रहीं। प्रधानाचार्या रमनीत स्वरूप ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

## स्टेशन मास्टर और रेलवे इलेक्ट्रिशियन के बीच गाली गलौज और मारपीट

रुड़की(संवाददाता)। रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर और इलेक्ट्रीशियन के बीच बिजली चोरी को लेकर गाली गलौज और मारपीट हो गई। इससे रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने दोनों में बीच-बचाव कराया। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि गुरुवार देर शाम स्टेशन मास्टर आदित्य भारद्वाज और रेलवे के इलेक्ट्रीशियन जय कुमार के बीच बिजली चोरी को लेकर नोकझोंक हो गई। इलेक्ट्रीशियन का आरोप था कि स्टेशन मास्टर अपने किराये के आवास में बिजली चोरी कर रहे हैं। इसका विरोध किया तो उन्होंने अभद्रता कर दी।

## ब्राह्मण परिवार समागम में एकता और संस्कारों का संदेश

रुड़की(संवाददाता)। सिविल लाइंस के श्री सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज की ओर से ब्राह्मण परिवार समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा मुख्य अतिथि रहे जबकि मेयर अनीता अग्रवाल अति विशिष्ट अतिथि रहीं। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा से समाज का पथ-प्रदर्शक रहा है। ऐसे समागम नई पीढ़ी को संस्कृति व इतिहास से जोड़ते हैं। अनीता अग्रवाल ने परिवारों के एक मंच पर आने को सशक्त समाज की नींव बताया। सौरभ भूषण शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में आपसी मेल-जोल और संस्कारों को मजबूत करना जरूरी है।

### फेडरेशन कप टेनिस बॉल क्रिकेट चौंपियनशिप का भव्य आगाज

रुड़की(संवाददाता)। नेहरू स्टेडियम में फेडरेशन कप टेनिस बॉल क्रिकेट चौंपियनशिप का शुभारंभ शुक्रवार को परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने किया। उद्घाटन मुकाबले में पांडिचेरी ने जम्मू-कश्मीर को हराकर जीत दर्ज की। मुख्य कार्य अधिकारी अमजद हुसैन ने बताया कि यह 33वीं चौंपियनशिप है। जिसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, तमिलनाडु, पांडिचेरी और लक्षद्वीप समेत विभिन्न राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता से पहले प्राकृतिक बुद्धिमता का प्रयोग जरूरी: पद्मश्री डॉ. जोशी

ऋषिकेश(संवाददाता)। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में भारतीय ज्ञान प्रणालियों के ढांचों के साथ मनोवैज्ञानिक निदान और उपचार प्रक्रियाओं के एकीकरण विषय पर 7वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता से पहले प्राकृतिक बुद्धिमता का प्रयोग करने और बौद्ध तकनीकों को समझने आदि पर जोर दिया। स्पीकिंगक्यूब ऑनलाइन मेंटल हेल्थ कंसल्टिंग फाउंडेशन की ओर से आयोजित सम्मेलन में एकेडमी ऑफ माइंडफुल साइकोलॉजी कैलिफोर्निया के अध्यक्ष प्रो. नील कोब्रिन ने मानसिक स्वास्थ्य में सचेतनता के महत्व के बारे में बताया। आईएनटीआई विवि मलेशिया के उप निदेशक प्रो. वेनोथ रेक्स ने नेतृत्व के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान प्रणालियों के ढांचे के महत्व को बताया। सोंगस्टेन लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. ताशी त्सम्फले ने दैनिक जीवन में सचेत रहने के लिए बौद्ध तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने कर्म, इरादे और एक-दूसरे पर निर्भरता के बारे में चर्चा की। स्पीकिंगक्यूब की फाउंडर और डायरेक्टर प्रो. डॉ. दीपिका चमोली शाही ने मानसिक आघात के बोझ को कम करने की तकनीकों पर चर्चा की।इनका हुआ सम्मानसम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। इसमें गुरु कांगड़ी विवि के डॉ. अरुण कुमार, डॉ. सुनीता शर्मा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के डॉ. सूरज कुमार पारचा, नमिता ममगाईं, श्रीदेव सुमन विवि के डॉ. दिनेश सिंह, हिमांचल टाइम्स के इंद्राणी पांधी, डॉ. सुरभि गुप्ता, डॉ. नीरजा गोयल, यसपाल अजमानी, नारी शिल्प विद्यालय देहरादून के मोना बाली, ब्रूक फील्ड यूनिवर्सिटी पेरिस के प्रो. विनय शंकर दुबे, मानव रचना यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर प्रियंका तिवारी, तकनीकी शिक्षा मंत्रालय से डॉ. दिग्विजय पांडे, ट्यूरिंग से रितेश सिन्हा, एएमयू से प्रो. सारा जावेद, प्रो. रीमा पंत, एलपीयू से प्रो. मनीष वर्मा, प्रसार भारती से साक्षी सिंह आदि शामिल रहे।यह रहे उपस्थितश्रीदेव सुमन विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी, परिसर निदेशक डॉ. एमएस रावत, स्पीकिंगक्यूब की सलाहकार प्रो. रीता कुमार, डॉ. चेतन शारदा, डॉ. जीके ढींगरा, एसपीईसीएस के निदेशक डॉ. बृजमोहन शर्मा, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. प्रेरणा वर्मा, रिटायर्ड कर्नल डॉ. चेतन शारदा, डॉ. ताशी त्साम्फले, स्पीकिंगक्यूब की परामर्श मनोवैज्ञानिक स्नेहा भारद्वाज, काजल तोमर आदि उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। सम्पादक - राजेश पंत
फोन नं0- 05946-254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email: jokhimhaldwani2013@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com